वर्ष-01, अंक-143

छपरा

शुक्रवार 22 मार्च 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live



# देश के सबसे लंबे पुल का हिस्सा गिरा

## एक की मौत, 10 घायलों को निकाला गया; मजदूरों के परिवार ने हंगामा किया

**सुपौल,एजेन्सी।** सुपौल के बकौर और मधुबनी जिले के भेजा के बीच बन रहे पुल के तीन गार्डर शुक्रवार सुबह गिर गए। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 10 से ज्यादा मजदूरों को निकाल कर अस्पताल भेजा गया है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया।

मृतक की पहचान किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचगछिया निवासी विपिन यादव (27) के रूप में हुई है। मृतक के परिजन सदर अस्पताल में कागजी प्रक्रिया का इंतजार कर रहे है। हालांकि इस बीच एडीएम राशिद कलीम अंसारी ने कई बार परिजनों से मुलाकात की।

**मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा :**दोपहर करीब 12 बजे के बाद मृतक के परिजन आक्रोशित होकर स्टेचर सहित शव को अस्पताल परिसर से बाहर ले कर चले गए और अस्पताल के मुख्य द्वार पर ही एनएच 327ए को जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। परिजन जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा की मांग कर रहे थे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का भी आरोप लगाया।

### सुरक्षा गार्ड ने परिजनों को पीटा

मृतक के भाई धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जब तक जिलाधिकारी स्वयं आकर मुआवजा का ऐलान नहीं करेंगे, हंगामा जारी रहेगा। हालांकि इस बीच सदर अस्पताल के कुछ सुरक्षा गार्ड शव को वापस अंदर ले जाने कोशिश करने लगे। इस दौरान पहले सुरक्षा गार्ड एवं परिजनों के बीच शव को लेकर खींचतानी हुई और फिर अचानक मृतक के परिजनों ने सुरक्षा गार्ड की जमकर पिटाई कर दी।

### तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

एनएचएआई ने पुल हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनाई है। ब्रिज विशेषज्ञ एके श्रीवास्तव, महेश टंडन और जीएल वर्मा दुर्घटना के कारणों एवं ब्रिज के आकलन करने के लिए मौके पर भेजा है। एनएचएआई के सदस्य (परियोजना) अनिल चौधरी एवं सीनियर इस मामले पर तत्काल कार्रवाई के लिए निकल चुके हैं।

# होली पर चलाई जाएगी 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेन

### यात्रियों की भीड़ के चलते रेलवे ने लिया फैसला, जानिए टाइमिंग और शेड्यूल

**पटना,एजेन्सी।** होली के अवसर पर रेलवे ने आम जनता को बड़ी सौगात दी है। पहले से घोषित ट्रेनों के अलावा अतिरिक्त 4 जोड़ी होली स्पेशल और 4 वन-वे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसके पहले भी रेलवे ने 72 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की थी। इस प्रकार अब कुल 76 जोड़ी होली स्पेशल और 5 वन-वे होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### होली स्पेशल चलने वाली ट्रेनों की डिटेल

1. गाड़ी सं. 07647/07648 हैदराबाद-दानापुर-हैदराबाद होली स्पेशल (नागपुर-जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी सं. 07647 हैदराबाद से 23.03.2024 (शनिवार) को 20.20 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 05.50 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 07648 दानापुर से 26.03.2024 (मंगलवार) को 18.10 बजे खुलेगी और गुरुवार को 04.30 बजे हैदराबाद पहुंचेगी।

2. गाड़ी सं. 01151/01152 मुंबई-पटना-सीएसएमटी, मुंबई होली स्पेशल (जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते)- गाड़ी सं. 01151 मुंबई से 23.03.2024 (शनिवार) को 11.05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13.50 बजे पटना पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी सं. 01152 पटना से 24.03.2024 (रविवार) को 17.00 बजे खुलेगी और मंगलवार को 06.00 बजे सीएसएमटी, मुंबई पहुंचेगी।

3. गाड़ी सं. 06093/06094 कोयम्बटूर-पटना-कोयम्बटूर सुपरफास्ट स्पेशल (मोकामा-झाझा-आसनसोल-भुवनेश्वर-पेरम्बूर/चैन्नई के रास्ते)- गाड़ी सं. 06093 कोयम्बटूर से 22.03.2024 (शुक्रवार) को 21.45 बजे खुलकर रविवार को 02.00 बजे भुवनेश्वर, 13.00 बजे आसनसोल रूकते हुए 20.00 बजे पटना पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी सं. 06094 पटना जं. से 27.03.2024 (बुधवार) को 14.00 बजे खुलेगी। गुरुवार को 06.30 बजे भुवनेश्वर और शुक्रवार को 03.20 बजेपेरंबूर रूकते हुए 11.00 बजे कोयम्बटूर पहुंचेगी।

4. गाड़ी सं. 03281/03282 दानापुर-खातीपुरा(जयपुर)- दानापुर होली स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज-आगरा फोर्ट के रास्ते)- गाड़ी सं. 03281 दानापुर से 07 एवं 13 अप्रैल को 21.45 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे खातीपुरा/जयपुर पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी सं. 03282 खातीपुरा से 8 एवं 14 अप्रैल को 23.30 बजे खुलेगी। अगले दिन 21.15 बजे दानापुर पहुंचेगी।

5. गाड़ी सं. 03135 सियालदह-पटना वन-वे होली स्पेशल (आसनसोल-झाझा-मोकामा के रास्ते)- सियालदह से 23.03.2024 को 23.55 बजे खुलेगी। अगले दिन 10.00 बजे पटना पहुंचेगी।

6. गाड़ी सं. 03483 भागलपुर-नई दिल्ली वन-वे होली स्पेशल (किउल-मोकामा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते)- यह स्पेशल भागलपुर से 23.03.2024 को 08.55 बजे खुलेगी। 13.45 बजे पटना पहुंचेगी। अगले दिन 06.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

# अन्ना हजारे बोले- केजरीवाल के हाल पर दुख नहीं होता

### गिरफ्तारी उनके कर्मों का नतीजा, शराब पर नीति बनाने से मैंने रोका था



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का नतीजा बताया। शुक्रवार को अन्ना ने कहा कि मुझे केजरीवाल के हाल पर बिल्कुल भी दुख नहीं होता। मैंने उन्हें शराब पर नीति बनाने से रोका था, लेकिन वो नहीं माने। अन्ना ने कहा कि केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद नई शराब नीति को लेकर मैंने उन्हें दो बार चिट्ठी लिखी थी। मुझे दुख होता है कि उन्होंने मेरी बात नहीं मानी और अब वो इसमें गिरफ्तार हो गए। जब केजरीवाल और मनीष सिसोदिया नए-नए हमारे साथ आए थे, तब मैंने कहा था कि हमेशा देश की भलाई के लिए काम करना। लेकिन उन्होंने इस बात को ध्यान में नहीं रखा। वहीं, अन्ना के बयान पर AAP विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि जब हिमंत बिस्वा सरमा जैसे लोग भ्रष्टाचारी भाजपा में शामिल होकर सीएम बन जाते हैं तो कोई आवाज नहीं उठाता। जब अजित पवार जैसे लोग BJP के साथ हो जाते हैं, तो ये बेहद सम्मानित व्यक्ति (अन्ना हजारे) कुछ नहीं कहते। यह व्यवहार दर्दनाक और दुखद है। दरअसल, ED ने शराब नीति केस में केजरीवाल को 2 घंटे की तलाशी और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

# मॉस्को में आतंकी हमला, 40 की मौत

### कॉन्सर्ट हॉल में घुसे 5 हमलावरों ने फायरिंग की, 100 से ज्यादा घायल; स्पेशल फोर्सेज का ऑपरेशन शुरू

**नई दिल्ली/ मॉस्को, एजेन्सी।** रूस की राजधानी मॉस्को में 22 मार्च की शाम आतंकी हमला हुआ। क्रास्नोगोर्स्क एरिया में मौजूद क्रोकस सिटी हॉल में सेना के जैसी वर्दी पहने हुए 5 लोगों दाखिल हुए। उन्होंने हॉल में मौजूद सैकड़ों लोगों पर ऑटोमेटिक हथियारों से अंधाधुंध गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। रूसी समाचार एजेंसी 112 के मुताबिक, इस घटना में 40 लोगों की मौत हो गई।

घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, इसमें नजर आ रहा है कि आतंकवादी लोगों को गोलियां मार रहे हैं। घबराए लोग अपनी जान बचाने के लिए छुप रहे हैं।गोलीबारी के बाद हमलावरों ने हॉल में एक्सप्लोसिव से धमाके किए, जिससे हॉल में आग लग गई। जान बचाने के लिए लोग हॉल के बेसमेंट में जा छिपे थे। इमरजेंसी सर्विसेज ने वहां से 100 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया है।



### किसी ने नहीं ली हमले की जिम्मेदारी

हमलावरों में 5 लोग बताए गए हैं। फिलहाल इस आतंकी हमले की किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। रूसी स्पेशल फोर्स ने हॉल में एंट्री ले ली है। किसी भी आतंकवादी के पकड़े या मारे जाने की जानकारी नहीं आई है।

# बिहार बोर्ड आज जारी करेगा इंटर का रिजल्ट

### शिक्षा मंत्री और बोर्ड अध्यक्ष जारी करेंगे परिणाम, ऐसे चेक करें अपना रिजल्ट




**पटना,एजेन्सी।** बिहार बोर्ड आज यानि शनिवार को 12वीं कक्षा की परीक्षाओं का रिजल्ट जारी करेगा। नए शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर 12वीं के रिजल्ट को दोपहर 2.30 बजे जारी करेंगे। ये 6वीं बार है। जब बिहार ने देश में सबसे पहले रिजल्ट जारी करेगा।

बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा के लिए इस साल कुल 13,04,352 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से छात्रों की संख्या 6,77,921 है और छात्राओं की संख्या 6,26,431 है। काफी समय से ये छात्र अपने रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। 1 फरवरी से 12 फरवरी तक परीक्षा का आयोजन किया गया था।

# मुकेश बिहार उद्यमी सम्मान से सम्मानित

**बड़हरिया (सिवान)** ~पटना स्थित ज्ञान भवन में गुरुवार को आयोजित 11 वां बिहार उद्यमिता सम्मेलन में प्रखंड के कैलगढ़ दक्षिण पंचायत के मालिक टोला निवासी सत्यनारायण प्रसाद के पुत्र मुकेश कुमार को उद्यमी सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए मुकेश कुमार ने बताया कि उनका चयन भगवानपुर हाट कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा इस सम्मान के लिए चयन किया गया था। मुकेश कुमार के सम्मानित होने पर क्षेत्र के किसानों में खुशी देखी जा रही है।



# बिहार दिवस के 112 वें स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)**- बिहार के 112 वें स्थापना दिवस के मौके पर शुक्रवार को परसा प्रखंड के परसौना पंचायत स्थित जे डी प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्तरीय विद्यालय के परिसर में बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर छात्राओं ने बिहार के सुप्रसिद्ध कत्थक नर्तक एवम विद्यालय के नृत्य शिक्षक बक्शी विकाश के निर्देशन में प्रस्तुत आकर्षक होली नृत्य एवम बिहार गीत की प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावे छात्राओं ने फाइन आर्ट्स के शिक्षक विकास कुमार के संयोजन में लगी पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ का संदेश देकर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। इससे पूर्व बिहार दिवस समारोह का उद्घाटन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉअशोक कुमार आलोक एवम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विद्यालय के पूर्व शिक्षक सत्य नारायण राय ने शिक्षक अभय कुमार तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉअशोक कुमार आलोक ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे दर्शकों को विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं ने इंद्रधनुषी होली गीत से की।कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर अबीर-गुलाल के रंगों से सराबोर हो गया। छात्राओं के इस मनमोहक नृत्य पर दर्शकों की देर तक तालियां बजती रही। वही विद्यालय की छात्राओं ने बिहार गीत हम धरती पुत्र बिहारी है कि प्रस्तुति कर समा बांध दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार एवम पुलिस कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत शिक्षक गोविंद वल्लभ ने भी बिहार गीत ये है मेरा बिहार की प्रस्तुति की।वही अतिथि कलाकार के रूप में आरा से आई नृत्यांगना स्नेहा पांडेय अपनी कत्थक नृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दी। इन्होंने भगवान कृष्ण एवम राधा रानी के नोक झोंक पर आधारित होली गीत पर भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति की।

बिहार दिवस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अवधेश कुमार लाल कर्ण,अरुण कुमार झा,पुलिस कुमार,प्रदीप कुमार सिंह,अमित रंजन,राकेश कुमार,उपेंद्र कुमार सिंह,जमशेद आलम,अजय कुमार,अभय कुमार तिवारी,संतोष कुमार यादव,चंदन कुमार ठाकुर,दीप कुमार पाल,बक्शी विकास,विकास कुमार, शिक्षिका स्मिता सिंह,कविता कुमारी,विवू कुमारी,पल्लवी कुमारी,सृष्टि कुमारी, कुमारी निशा एवम लिपिक इंदू कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरीय शिक्षक पुलिस कुमार ने किया।



## परसा व सोनहो चौक पर स्वास्थ मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/परसा/भेल्दी (सारण)।** कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार छपरा के रास्ते सिवान जाने के क्रम में मंगल पांडेय का एनडीए नेताओं द्वारा भव्य स्वागत।बिहार सरकार के कैबिनेट विस्तार में स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री बनने के बाद पहली बार सारण की धरती से सिवान जाने के क्रम में बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडे का भव्य स्वागत हुआ। सोनपुर के बजरंग चौक से भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन के नेताओं के द्वारा किया गया।दरियापुर में राकेश सिंह के द्वारा परसा बाजार एवं सोनहो चौक पर महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह के नेतृत्व में गाजे बाजे साथ भव्य स्वागत एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमनौर एवं धेनुकी चौक मढ़ौरा तरैया मशरख में भाजपा एवं एनडीए कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री ने अपने स्वागत पर कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा इतना स्वागत एव प्रेम से अभिभूत हूं, मैं भी भारतीय जनता पार्टी का एक कार्यकर्ता हुं ।जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि मंगल पांडे के मंत्री बनने से कोलकाता में भी उत्साह है।धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा मंगल पांडे के मंत्री बनने से विकास कार्यों को और गति मिलेगी।स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह वेद उपाध्याय सारण लोकसभा संयोजक डा.धर्मेन्द्र कुमार सिंह जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह, शत्रुघ्न भक्त जिला मंत्री अर्जुन सिंह, पूर्व मुखिया लगन साह, परसा नगर मंडल अध्यक्ष भूलन जी, महामंत्री विकास कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय चौबे मनीष यादव एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

## रमजान का दूसरा जुमा: हजारों सिर झुके सजदे में

### चल रहा है दूसरा अशरा, हासिल होती है मगफिरत



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पाक महीना रमजान के दूसरे जुमा की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में रोजेदारों की खासी भीड़ उमड़ पड़ी.जुमा की नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों के मस्जिदों में आने का क्रम दोपहर 12 बजे से ही शुरू हो गया. हजारों रोजेदारों ने नमाज अदा करके मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी.मस्जिदों में वक्ता व इमामों ने कहा कि रमजान माह का दूसरा अशरा चल रहा है. यह असरा मगफिरत का होता है.हर रोजेदार को गुनाहों से तौबा कर अल्लाह ताला से माफी मांगनी चाहिए.एक नई जिंदगी को शुरू करने का इरादा करना चाहिए. रमजान के माह में लोगों के साथ हमदर्दी करना रमजान का सबसे बड़ा काम है.इस माह में प्रत्येक रोजेदार को ईद से पूर्व फितरा निकालना चाहिए. प्रत्येक रोजेदार को पौने दो किलोग्राम गेहूं या उसकी कीमत 65 रुपये, खजूर तीन किलोग्राम अथवा उसकी कीमत या किसमिस तीन किलोग्राम अथवा उसकी कीमत ईद की नमाज से पहले गरीबों को देना चाहिए. अल्लाह ताला इससे रोजे में होने वाली कमियों को पूरी करता है.वहीं इससे गरीबों की भी ईद अच्छी होती है. मौला मस्जिद के इमाम मौलाना जाकिर ने कहा कि इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तकवा जरूरी है.तकवा के लिए रोजा जरूरी है. रोजा यानी अल्लाह का वास्ता.रोजा यानी मगफिरत का रास्ता.रमजान के मुबारक माह के ग्यारहवें रोजे से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है.जो बीसवें रोजे तक होता है.इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा (मोक्ष का कालखंड) इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए खसुसी दुआ की जाती है.बिना किसी पाप के यानी बुराई से बचते हुए रोजे में अल्लाह की इबादत की जाती है.और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है. यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोजा.बड़ा तेलपा जामा मस्जिद में खिताब करते हुए मौलाना रज्जबुल कादरी ने कहा कि पवित्र कुरान में जिक्र है 'बेशक जो लोग अपने परवर दिगार से बिना देखे डरते हैं. उनके लिए मगफिरत और अज्रे-अजीम मुकर्रर है.कुरआन की आयत की रोशनी में ग्यारहवें रोजे की तशरीह की जाए तो आधुनिक अविष्कारों के मद्देनजर कहा जा सकता है कि इबादत के प्लेटफॉर्म पर मगफिरत की ट्रेन के लिए दरअसल ग्यारहवां रोजा सिग्नल है.क्योंकि ग्यारहवें रोजे से ही रमजान माह में मगफिरत का अशरा शुरू होता है.मगफिरत (मोक्ष) की बात हरेक मजहब में कही गई।

## जागरण में भक्ति गीतों से रातभर सरावोर होते रहे श्रोता

### पूर्व मंत्री, प्रमुख व अन्य ने किया जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर परसा (सारण)- प्रखंड** क्षेत्र के बनकेरवा बांध स्थित गणिनाथ मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा व महारुद्र महायज्ञ के समापन पर गुरुवार की देर रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया।जिसका उदघाटन पूर्व मंत्री चंद्रिका राय,प्रमुख सविता देवी,जिलापार्षद विनोद राय,उपप्रमुख पुष्पा देवी,यज्ञ अध्यक्ष संजय सिंह,अजय सिंह,रघु राय ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्ज्वलित करने के उपरांत फीता काटकर किया। इसके बाद स्टेज पर स्थित देवी-देवताओं के तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर व चुनरी चढ़ा कर के परसा विधानसभा क्षेत्र के लिए अमन-चैन की कामना किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना पनपती है।लोग आपसी वैमनस्यता को भूला कर धार्मिक अनुष्ठानों में लीन हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा गणिनाथ जी महाराज हमारे क्षेत्र के हर नागरिक के अंदर शिक्षा की रोशनी की अलख जलाने की शक्ति दें।ताकि यह विधानसभा क्षेत्र पूर्ण साक्षर होकर नया इतिहास लिखने की ओर अग्रसर हो सके।इस मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। वहीं कलाकारों द्वारा शिव-पार्वती व कृष्ण-सुदामा कहानी पर आधारित झांकी लोगों को खूब भाया।इस मौके पर उपप्रमुख प्रतिनिधि रघु राय,डॉ उमेश कुमार,राजेश राय,जिलापार्षद विनोद राय,मुखिया सुनील राम,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार,पूजा समिति अध्यक्ष संजय सिंह,अजय सिंह,सुरेश सिंह,डॉ लव कुमार,तुलसी साह,पप्पू साह,देवानंद सहनी,विक्रम साह,सन्तोष राय,राजू राय,पूर्व मुखिया रामलगन साह,विजय राय,जितेंद्र राय,रविंद्र राय सहित कई गण्यमान्य उपस्थित थे।



## सारण्य महोत्सव के होली मिलन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम हुए आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** सारण्य की सभ्यता संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने व संस्कृति को संरक्षित करने हेतु सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन छपरा के बाइपास स्थित सकलधारी प्रसाद आई टीआई मेथवलिया में में रंगारंग कार्यक्रमों के आयोजन के साथ संपन्न हुआ।

समारोह का शुभारंभ स्वस्ति वाचन, भोजपुरी संस्कार गीत और बटोहिया गीत से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सारण्य महोत्सव के संरक्षक डॉ हरेंद्र सिंह, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह, सचिव प्रियन्का कुमारी, डॉ अन्जली सिंह, सोनम मिश्रा, संयुक्त सचिव अमरजीत कुमार सिंह, अमितेश कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया, कोषाध्यक्ष डॉ देवेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रियन्का कुमारी, सोनम मिश्रा, ज्योत्सना पाण्डेय ने होली गीत गाकर सबको झुमने पर मजबूर कर दिया। बाबू कुंवर सिंह तेगबहादुर बंगला में उड़ेला गुलाल, होली खेले रघुवीरा अवध में, रंग बरसे भींगे चुनर वाली रंग बरसे सहित दर्जनो होली गीत पर श्रोता झूम उठे। कुमारी अनिशा के बिहार गान पर कत्थक नृत्य ने सभी से वाहवाही लुटी।कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्र प्रकाश राज ने किया। कार्यक्रम का संचालन संजय भारद्वाज तथा महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया व धन्यवाद ज्ञापन सीए अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर सारण्य महोत्सव के संरक्षक रामदयाल शर्मा, सुरेश प्रसाद सिंह, ज्योतिष पाण्डेय, डॉ विकास कुमार, गुप्ता, राकेश कुमार मिश्रा, राकेश भूषण पाण्डेय, धर्मेन्द्र रस्तोगी, पुरूषोत्तम कुमार,अनुप कुमार, अंकित कुमार, रवि पाण्डेय, आनंद कुमार, रणजीत सिंह, मुन्ना सिंह, धर्मेन्द्र सिंह आदि ने सराहनीय सहयोग किया।

### अज्ञात चोरों ने एक ही रात में आठ घरों में किया चोरी

**दैनिकखोज खबर/दरियापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के गंगाजल गांव में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा आठ घरों में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। जिसमें करीब चार लाख रुपये की कपड़ा,गहना सहित नकदी की चोरी की गई। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तहकीकात शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार के रात्रि गंगाजल गांव में एक साथ आठ घरों में हुई चोरी से ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल बना हुआ है वही चोरों ने रात में एक घर की ताला की कुंडी तोड़कर भीतर घुसे फिर एक छत से दूसरे छत के सहारे आठ घर तक बड़े इत्मीनान से पहुंचकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया इस चोरी की घटना में दस थान से ऊपर सोने की गहने कपड़े तथा नकदी की चोरी हुई गहने की कीमत करीब तीन से चार लाख रुपये की आंकी जा रही है और सभी घर से नकदी रुपये एक लाख रुपये की चोरी होने की बात बतायी गई है। अहले सुबह में कई घर के दरबाजे खुले दीखे तो आसपड़ोस के लोग गृह स्वामी को जगा कर पूछा कि दरबाजा कैसे खुला हुआ है इस पर भागकर गृहस्वामी ने घर के अन्य कमरे में गये तो देखा कि घर के सभी सामान बिखरे पड़े थे।वही इतनी बड़ी चोरी की बात सुनने पर तत्काल पँचायत के मुखिया शेखर सिंह वहां पहुंच कर पूरी घटना क्रम को जानने के बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस दल बल के साथ वहां पहुंचकर सभी गृह स्वामी का बयान लिया और चोरी गई सामान को सूचीबद्ध किया। वहीं जल्द से जल्द से चोरों की पकड़ने की आश्वासन देते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज व अन्य गुप्त स्रोतों के माध्यम से इस कांड में संलिप्त चोरों को पहचान करना पहली प्राथमिकता रहेगी।

## होली मिलन समारोह में महिलाओं ने जमकर उड़ाया अबीर-गुलाल, कई प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

### मुद्रा योगपीठ में बड़ी संख्या में महिलाओं ने होली मिलन समारोह में लिया भाग

**दैनिक खोज खबर/कटिहार।** शहर के अनाथालय रोड स्थित मुद्रा योगपीठ में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह के अवसर पर कई तरह के प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कैंडल जलाओ प्रतियोगिता, हांडी फोड़ प्रतियोगिता, सबसे तेज गुपचुप खाओ प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिता शामिल है। वही इस होली मिलन समारोह के अवसर पर बड़ी संख्या में घरेलू महिलाओं ने भाग लेकर एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं होली मिलन समारोह के मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर विजेता होने वाली घरेलू महिलाओं को मुद्रा योगपीठ की संचालिका पायल राय की ओर से सम्मानित करते हुए उनका हौसला भी बढ़ाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य अतिथि चंदना झा,अंजना सेन गुप्ता,संजू ब्राभा मौजूद थीं। वही मुख्य अतिथियों ने मुद्रा योगपीठ की संचालिका पायल राय द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना भी किया। संचालिका पायल राय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से महिलाओं में काफी उत्साह देखा जाता है और इस तरह के आयोजन से महिलाओं को अपनी हुनर को दिखाने का भी एक अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अक्सर महिलाएं घर के कामकाज में व्यस्त रहने की वजह से इन सभी के लिए समय नहीं निकाल पाती है इसलिए मुद्रा योग पीठ में योग सिखाने के साथ-साथ इस तरह का अवसर दिया जाता है जहां महिलाएं अपने अंदर छिपे हुनर को दिखा सके। मौके पर दोना,दीपनिता, डोली, रोजी, मीना, श्वेता, ममता, गुड्डी, तारा, शीला, सुमन, संगीता, वर्षा, साधना, पूनम, अपर्णा, ज्योति, अनुपम, मंजू, विभा, जूली, कल्पना, लक्ष्मी, मानिनी, नेहा, सुनीता साह मौजूद थीं।






## रसोईयां सह सहायक का क्षमता संवर्धन का हुआ प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखण्ड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय ककरहट के स्मार्ट क्लास रूम में वीडियो के माध्यम से दो पँचायत के करीब 46 रसोईयां को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना तहत सभी कैसे खुद साफ सुथरा रहते हुए खाना पकाना है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही खाने से पूर्व छात्र छात्राओं को हाथ साफ करके ही खाना खाना है इस बात का भी निर्देश बच्चों को समय समय पर देकर निर्देशित करते रहना है जिससे उसके शरीर को बेहतर पोषण मिल सके इस अवसर पर प्रखण्ड साधनसेवी अरविंद कुमार सिंह,डाटा इंट्री ऑपरेटर नन्द किशोर कुमार,रामबाबू कुमार व प्रशिक्षक मधुमती देवी तथा पुतुल देवी सहित अन्य शामिल रहे।

## शराबी ने स्कूल में घुसकर शिक्षक को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के नगवां जगदीशपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षक के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। शिक्षक ने मारपीट करने वाले खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आठवी की परीक्षा में व्यस्त शिक्षक रशिम रंजन विद्यालय प्रांगण में हल्ला सुनकर क्लास से बाहर आये तो मोलनाहं गांव निवासी लोकनाथ राय शराब के नशे गाली गलौज करते हुए मेरी कॉलर पकड़ मारपीट करने लगे। इसी बीच एचएम बचाने पहुंचे तो उन्हें भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया, साथ ही शिक्षक के पॉकेट से दो हजार रुपये भी निकाल कर भाग निकला। इस सम्बन्ध में शिक्षक रशिम रंजन ने लोक नाथ पिता स्व सकल देव राय को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## मढौरा में महिला अभिकर्ता का चेन छीना

**दैनिक खोज खबर/मढौरा(सारण)।** नगर के टैक्सी स्टैंड में शुक्रवार को दिनदहाड़े उचक्कों ने मढ़ौरा की रहने वाली एलआईसी की अभिकर्ता तनुश्री नामक महिला के गले से सोने का चेन झपट ली। चेन खीचने के बाद उच्चकें शिल्हौरी की ओर से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित महिला सकते में रह गई। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत मढौरा थाने में की है। मिली जानकारी के अनुसार महिला शुक्रवार को साढ़े ग्यारह बजे कर करीब टैक्सी स्टैंड से होकर अपने एक रिश्तेदार से मिलने जा रही थी। तभी पीछे से एक अपाची बाइक पर सवार होकर दो उचक्के करीब आए और उनके गले से सोने का चेन झपटकर फरार हो गए। इस मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने मढौरा थाने में दी है।

## बोलेरों से 55 लीटर स्पीरिट बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मढौरा ।** मढ़ौरा थाना ने एक गुप्त सूचना पर स्टेशन के पकहां ढ़ाला के पास से एक बोलेरों से 55 लीटर स्पीरिट बरामद किया। इस दौरान पुलिस तीन तस्कर को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की । गिरफ्तार तस्कर पोझी भुआलपुर निवासी लक्ष्मण राय का पुत्र साहेब राय, राधेलाल राय का पुत्र पंकज राय और मुबारकपुर निवासी चुल्हन राय का पुत्र शत्रुध्न राय का नाम बताया गया है। पुलिस ने बोलेरों को जब्त कर लिया है । थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को पकहां रेलवें ढ़ाला के रास्ते एक बोलेरों से अवैध रूप से स्पीरिट को ले जाने की जानकारी मिली थी । जानकारी के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर बोलेरों को कब्जे में लेकर उसपर सवार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। बोलेरों की तलाशी लेने पर गैलन में छुपाकर रखा स्पीरिट बरामद किया गया । बताया कि शराब को तस्कर होली पर बिक्री के लिए लेकर जा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने बरामद कर लिया।

## बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे का दरियापुर में हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर/सोनपुर।** बिहार सरकार के स्वास्थय मंत्री सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय का स्वागत दरियापुर मे प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह और मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा के नेतृत्व मे गाजे बाजे के साथ माला और बाबा हरिहरनाथ मंदिर का अंग वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने कहा की इससे पहले भी इनके कार्यकाल मे स्वास्थ्य विभाग मे करोना जैसे महामारी मे भी अच्छे कार्य किये, जिसकी चर्चा पूरे बिहार मे होती है। आशा है की यह कार्यकाल उससे भी बेहतर होगा। यह पूरा विश्वास है इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह जिला महामंत्री धर्मेंद्र शाह, महामंत्री सुनील गुप्ता, सुजीत सिंह युवा मोर्चा सुमंत तिवारी, धनजय चौबे सरपंच प्रतिनिधि विशाल श्रीवास्तव, कुणाल तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, मोनू सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलू देवी महिला मोर्चा उमा देवी विंध्याचल सिंह, मनीष गुप्ता, जीतेन्द्र गिरी, ओमप्रकाश सिंह, सरोज यादव, अजय पूरी, अमरेश सिंह, पान आलम, सनी चुनमुन सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बिहार दिवस पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** बिहार दिवस के अवसर पर नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी प्राथमिक, मध्य, उच्च व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा शुक्रवार को सुबह शिक्षकों के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। इसी क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर वी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। जिसमें तख्ती के जरिए जय बिहार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शराबबंदी, नशा मुक्ति, दहेज प्रथा समेत कई मुद्दों पर स्लोगन व नारा लगाकर जागरूकता का संदेश दिए।इस दौरान पर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनजीत कुमार तिवारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी, शिक्षक दिग्विजय कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, अनीता पांडेय, अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, विभा कुमारी, विकास कुमार, शना परवीन, किसलय कुमार, विकास कुमार सिंह, रंजीत कुमार, जुली कुमारी आदि अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# डीएम-एसपी ने सोनपुर पहुंचकर दियारा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया स्थल निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन तत्पर है। सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवा चरण में 20 मई 24 को होने वाले चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बैठक ही नहीं बल्कि मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण एवं हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं साथ ही हर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला द्वारा संयुक्त रूप से सोनपुर पहुँच कर अनुमंडल अंतर्गत दिघवारा एवम् सोनपुर प्रखंड के अकिलपुर दियारा क्षेत्रों में विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से मतदान प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संचालन हेतु उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रमसापुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, छितरचक गंगापार, प्राथमिक विद्यालय, गरीबापट्टी, मध्य विद्यालय, अकिलपुर अवस्थित मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा



पहुंच पथ, मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधा एवम् सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।साथ ही उक्त मतदान केंद्रों से संबद्ध स्थानीय मतदाताओं से वार्ता कर अपनी कीमती वोट के महत्व को बताते हुए अपना मतअपना अधिकार का प्रयोग करने में होनेवाली समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए।इसके साथ ही अकिलपुर थाना का स्थलीय निरीक्षण कर वहां के आधारभूत सुविधाओं के संबंध में उत्पन्न समस्याओं की जानकारी लेकर उक्त समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। इस स्थल निरीक्षण के क्रम में सोनपुर एसडीओ कुमार निशांत विवेक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर ,सोनपुर बीडीओ ओरमा मोदी , सीओ आदिति श्रुति ,दिघवारा बीडीओ ,पहलेजा थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी , अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सहित अनुमंडल क्षेत्र के दिघवारा सोनपुर की अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन निरीक्षण में शामिल रहे।




## नारियों के सम्मान व सहयोग के बिना समाज की तरक्की संभव नहीं- शैल देवी

### शिक्षा,कला,खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सैकड़ों बेटियों को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** प्रखंड के हराजी पंचायत के हराजी गांव स्थित वास्तु बिहार परिसर में शुक्रवार को नारी शक्ति सम्मान सम्मेलन सह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन शैल देवी, वास्तु बिहार के सीएमडी विनय तिवारी,गोपालजी त्रिपाठी व मुनिलाल सिंह सरीखे प्रबुद्ध लोगों ने संयुक्त रूप से कियाशैल देवी ने अपने संबोधन में कहा कि नारियों के सम्मान व सहयोग के बिना समाज की तरक्की संभव नहीं है।बेटियों को उचित प्रोत्साहन मिलने से ही उन लोगों का विकास संभव संभव है।विनय तिवारी ने कहा कि हर व्यक्ति को नारियों का सम्मान व उचित प्रोत्साहन देने में हरसंभव सहयोग देना चाहिए तभी वे लोग पुरुषों के बराबर हक प्राप्त कर सकती है।श्री तिवारी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी मातृभूमि से भी लगाव होना चाहिए और असीमित ऊंचाइयों पर जाने के बाद भी मातृभूमि के विकास व सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहना ही सच्ची मानवता हैइस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने अभिनय से हर किसी का ध्यान खींचा और नाटक व अन्य कार्यक्रमों की जीवंत प्रस्तुति देकर हर किसी का मन मोह लिया।बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ थीम के सहारे बेटियों ने समाज व परिवार में बेटियों के महत्व को रेखांकित किया।इस अवसर पर शैल देवी ने सैकड़ों बेटियों को सम्मानित किया।खेल,शिक्षा,कला आदि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।अंत में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें लोगों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई दी।इस अवसर पर रणंजय कुमार,मुनिलाल सिंह, एच आर मैनेजर बबलू शर्मा,आदर्श प्रद्युमन,रंजीत कुमार,शिक्षक भूषण कुमार,विनोद कर्ण तिवारी,शिक्षक विजय कुमार, पंकज कुमार,राष्ट्रीय बॉक्सर प्रियंका कुमारी,पल्लवी कुमारी,श्वेता कुमारी,पूजा कुमारी समेत सैकड़ों प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

## पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह पटेल के निधन पर सांसद रुडी दुःखी

*श्री रुडी ने कहाः भाजपा में पटेल समाज के मजबूत स्तंभ थे नरेंद्र जी*

*1995 से मेरे अभिन्न सहयोगी रहे, उनके निधन से सभी कार्यकर्ता मर्माहत*

**दैनिक खोज खबरछपरा ।** भारतीय जनता पार्टी सारण जिला इकाई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष 70 वर्षीय नरेंद्र सिंह पटेल का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर पर सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने उनके परिजनों से बात की और सांत्वना दी। मालूम हो कि 05 मार्च को सोनपुर प्रखंड अंतर्गत बहेरवा गाछी, नयागाँव निवासी नरेंद्र सिंह पटेल का फोर लेन रोड क्रॉस करते समय एक अज्ञात वाहन से दुर्घटना हो गया था। दुर्घटना के बाद उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद सांसद द्वारा बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स में भर्ती कराया गया और एम्स प्रबंधन से बात कर आईसीयू की व्यवस्था की गई। परन्तु इलाज के दौरान ही गुरुवार को उनका निधन हो गया। सांसद रुडी ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र जी की सारण में भाजपा को जमीनी स्तर तक मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका रही है। वे हमारे अभिन्न सहयोगी रहे है। उनके नहीं होने की रिक्तता की क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। उन्होंने दिवंगत के पुत्र कुमार विजय व अन्य परिजनों से दुरभाष पर बात कर सांत्वना दिया। जिला उपाध्यक्ष निधन से मर्माहत सांसद रुडी ने कहा कि सरल, सौम्य स्वभाव एवं शालीन व्यक्तित्व वाले नरेंद्र जी का निधन अत्यंत दुःखद और मर्माहत करने वाला है। वे सौम्य, सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे और समाज सेवा के साथ पार्टी के कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेते थे। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत की आत्मा को शांति व परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इसके पूर्व भी सांसद नरेंद्र पटेल जी के इलाज के दौरान उनके परिजनों से लगातार संपर्क में थे और पटना अस्पताल में जाकर भी उनका कुशल-क्षेम जाना था। आज नयागाँव में गंगा घाट पर दिवंगत की अंत्येष्टि हुई जिसमें पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, उदय सिंह, राकेश सिंह, बबलू सिंह बस्तीजलाल, कामेश्वर ओझा, विनोद सम्राट, मुनमुन सिंह, मुकेश सिंह, नरेंद्र सिंह और पूर्व मंडल अध्यक्ष समेत सभी लोग शामिल हुए। इस दौरान उनके अंतिम दर्शन के लिए घाट पर बड़ी संख्या में आमजनों के साथ पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचे थे।

## सोनपुर और पहलेजा थाना में होली और रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर व पहलेजा थाना परिसर में होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, ग्रामीणों के साथ थानाध्यक्ष ने बैठक कर उपस्थित लोगों को थानाध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि होली रंगों व प्रेम भाईचारे का त्यौहार है ।इस पर्व को आप सभी नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में खुशी पूर्वक सारे गिले शिकवे भूलकर शांतिपूर्ण तरीके से इस त्यौहार को संपन्न करें । थानाध्यक्ष राजनंदन ने उपस्थित लोगों को कहा कि होली व रमजान पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। क्षेत्र में हर गतिविधि पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी गई है । वैसे लोगों पर सूचना मिलते ही उस पर तत्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया जाएगा। थानाध्यक्ष राजनंदन ने यह भी कहा कि अफवाहों से बचे और अफवाह फैलाने वाले के संबंध में सूचना देने की भी अपील की । होली और रमजान पर्व में अश्लील गीत गाने वाले, बजाने वाले एवं डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। जिन स्थान पर होलिका दहन होगा इसकी जानकारी पुलिस को जरूर दें। जिससे किसी प्रकार के अप्रिय घटना ना हो इसके लेकर पुलिस बल मौजूद रहेंगे साथ ही अग्निशमन विभाग की टीम किसी प्रकार के अप्रिय घटना ना हो इसके लेकर पूरी तत्परता के साथ अपने कार्य में लगे रहेंगे। उन्होंने कहा कि कानून का पालन नहीं करने वाले के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।वही दूसरी ओर पहलेजा थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी के अध्यक्षता में थाना परिसर में सोनपुर पुलिस निरीक्षक उज्जबल कुमार ,अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार के मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ शांति समिति के बैठक करते हुए कहीं की खुशी और उमंग का रंगों का त्यौहार होली है इसे शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाएं और दूसरे को भी मानने में सहयोग करें। होली पर्व के दौरान हुड़दंग मचाने वाला तथा त्यौहार के रंग में भंग डालने वाले को खैर नहीं होगा। पुलिस होलिका दहन से लेकर होली के दिन तक क्षेत्र में गश्ती करते रहेगी। थानाध्यक्ष ने लोगों से कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है जिले में निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

## पंचतत्व मे विलीन हुए भाजपा नेता नरेंद्र सिंह पटेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष व सोनपुर विधान सभा के पूर्व विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह पटेल के छपरा से घर आने के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पिछले कई दिनो से पटना स्थित एम्स मे इलाज चल रहा था जहा वे जीवन मौत से झझते हुए बृहस्पतिवार शाम मे अंतिम सास ली।भाजपा के स्तंभ माने जाने वाले 70 वर्षीय नरेंद्र सिंह के आकस्मिक निधन की खबर से पुरे सारण व खासकर सोनपुर विधान सभा मे शोक की लहर फैल गई। पटना एम्स से उनके शव पैतृक गांव नयागाव के बहेडवा गाछी पहूँचते ही परिजन मे चिख पुकार मच गई।दिवंगत नेता के अंतिम दर्शन के लिए स्थानीय नेताओ व कार्यकर्ताओ का ताता लगा रहा । सोनपुर के पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व मे पार्टी के झंडे के साथ मौजूद कार्य कर्ताओ ने सम्मान पूर्वक उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रधाज?लि दी।तत्पश्चात उन्हे नयागाव बाजार होते हुए शहीद स्मारक स्थल से नयागाव मकडा स्थित गंगा नदी के तट पर लाया गया।जहा अंतिम दाह संस्कार किया गया।सारण सासंद राजीव प्रताप रूडी,सोनपुर के पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमनरायण सिंह, उपेन्द्र सिंह सारण जिला भाजपा अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, शिव बचन सिंह,लालबाबू कुशवाहा, मुकेश सिंह,लालबाबू पटेल , उमाशंकर सिंह विमल चौरसिया ,रवि रंजन सिंह सोनु ,अशोक सिंह सहित भाजपा,जदयू ,कांग्रेस के कार्यकर्त व भारी संख्या मे स्थानीय लोगो ने दिवंगत नेता के निधन पर शोक प्रकट की तथा अंतिम दर्शन मे शामिल हुए।

## मध निषेध विभाग के टीम ने शराब को बरामद करते हुए 6 लोगो को किया गिरफ्तार

**सोनपुर।** मध निषेध विभाग के टीम दूधाइला ने देसी व अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए महिला सहित कुल 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन में शुक्रवार को बताया कि शीतलपुर सिवाना से 48 पीस बियर ,87 पीस बोतल बिस्की के शराब के साथ सरिया देवी को गिरफ्तार किया गया जबकि रहीमपुर और छुटकी तरैया से देसी शराब 43 लीटर बरामद किया गया है । शराब पीने के आरोप में कुल तीन लोगों को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया है । थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार में शराबबंदी है । शराब बंदी को सफल बनाने के लिए लगातार छपामारी किया जा रहा है । शराब पीना, बेचना, निर्माण करने वाले लोग अपना धंधे को बंद कर दे अन्यथा जेल के सलाखों में जाने के लिए तैयार रहे उन्होंने कहा की होली पर्व को शांति पूर्वक और भाईचारा के साथ मनाएं और दूसरे को भी पर्व में विध्न न डालें । कानून के उल्लंघन करने वाले लोगों को बख्से नही जायेगे ।

## पहलेजाघाट थाना परिसर में शराब किया गया विनिष्ट

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापामारी कर देसी, अंग्रेजी शराब ,स्प्रिट को बरामद कर संग्रह किये हुए था जहां गुरुवार को सोनपुर सीओ आदिति श्रुति एवं पहलेजा थाना के थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ,पहलेजा थाना के मलखाना प्रभारी अजीत कुमार के मौजूदगी में सभी बरामद किए गए शराब को थाना परिसर में विनष्टीकरण किया गया । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने बताई की 74 लीटर देसी शराब ,1692 लीटर अंग्रेजी शराब के अलावा 11598 लीटर स्प्रिट को मजदूर को लगाकर सभी जप्त किए गए शराब को विनिष्ट किया गया।

## भेल्दी में 140 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**भेल्दी पुलिस ने थाना क्षेत्र के तरवार चार मुहानी के समीप से बाइक पर सवार दो शराब कारोबारी को 140 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए शराब तस्कर नगर धाना क्षेत्र के पूर्वी रौजा गांव के सौरभ कुमार व रौजा पोखरा के रोहित कुमार है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक छपरा से बाइक पर देसी शराब लेकर दोनों धंधेबाज सड़क के रास्ते पैगा बाजार पर डिलीवरी देने जा रहे थे तभी गुप्त जानकारी मिली इसके बाद दलबल के साथ दोनों का पीछा कर तरवार चार मुहानी गांव के समीप से शराब और बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया गया।बताते चलें कि तीन दिन पूर्व तरवार चारमुहानी के समीप से पुलिस ने 140 लीटर देसी शराब के साथ दो धंधेबाजो को गिरफ्तार किया था।भेल्दी थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है।

## मशरक थाने में डीएसपी के मौजूदगी में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में होली और लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न करानें को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। मौके पर डीएसपी अमरनाथ, बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष धनंजय राय समेत प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू, कर्ण कुदरिया मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली, सेमरी मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह, बीडीसी चुनमुन बाबा, अमित कुमार, रंजन कुमार, सुनैना एचपी के प्रशांत



सिंह, रंजन कुमार सिंह, अकबर अली, नगर पंचायत पार्षद सूरज राम, नैमुदिन समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर डीएसपी अमरनाथ ने कहा कि होली को लेकर यह बैठक आयोजित की जा रही है पर होली के बाद लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा का चुनाव भी हैं। थाना क्षेत्र में कहीं भी कोई विवाद हैं या कोई भी अवैध गतिविधी होती है तो थाना पुलिस को सूचना जरूर दें। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है यदि कोई भी होली में डीजे बजाते पाएं तो डीजे बजाने वाले और डीजे संचालक पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएंगी। वहीं थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव और होली पर्व को लेकर पुलिस सक्रिय हैं कोई बिना हेलमेट, बिना कागजात या यातायात नियमों का पालन करतें नहीं दिखे तो कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा।

## मशान होली की तैयारी जोरों पर, ''खेले मशाने में होली दिगम्बर खेले मशाने में होली'' हो

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भारत वंदना घाट, सोनपुर से हरिहर क्षेत्र जनजागरण मंच के बैनर तले दर्जनों सदस्य मोटर बोट से तिरंगा लहराते एवं ''खेले मशाने में होली दिगम्बर खेले मशाने में होली'' गीत गाते हुए कौनहारा घाट हाजीपुर शुक्रवार को पहुंचे। उद्देश्य था मशान होली आयोजन के पूर्व यहां के घाटों की साफ सफाई करना। जैसे ही मंच के सदस्यों से भरा बोट घाट पर पहुंचा, वहां उपस्थित बिनोद सिंह यादव, बाबा राम एकबाल स्वामी ,पुज्य संत चरणामृत महाकाल जी,पुजारी चन्देश्वर पासवान , त्रिलोकी राय आदि ने भारत माता का जयकारा लगाकर आयोजन में सहयोग करने आए अतिथियों का स्वागत किया। नौका से उतरते ही बिनोद जी ने सभी सम्मानित अतिथियों को आयोजन स्थल( कहां क्या क्या होना है )के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी,तत्पश्चात बिना समय गंवाए हरिहरक्षेत्र जनजागरण मंच के सदस्यों ने अपने साथ लाए झाड़ू एवं कचरा उठाने वाले जुगार को नाव से उतारा तथा सफाई कार्य में लग गए। देखते ही देखते समूचे आयोजन स्थल को साफ कर दिया गया।जन जागरण मंच के महासचिव अमरनाथ तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि शनिवार संध्या 4:00 बजे से उत्तर बिहार के सबसे बड़े हाजीपुर कोनहारा श्मशान घाट पर मशान होली का आयोजन किया जाएगा ।इस आयोजन में राज्य एवं देश के छप्पन जगहों का प्रसिद्ध मिठाई प्रसाद के रूप में व्यवस्था की गई है। होली गाने के लिए वृन्दावन की टीम आ रही है। किन्नरों की संयोजिका डॉ रेशमा भी अपनी मंडली के साथ होली उत्सव मनाने आ रही हैं।हास्य कविता पाठ भी प्रस्तावित है। बिहार, झारखंड एवं नेपाल के कई औघड़ महाराज भी मशान होली खेलने यहां आ रहे हैं। इस आयोजन में शंकराचार्य परमपूज्य स्वामी अनन्तानंद सरस्वती जी तथा इस्कॉन के चेयरमैन परमपूज्य संत कृष्ण कृपा दास जी भी पधार रहे हैं।

कौनहारा घाट के प्रबुद्ध जनों के आग्रह पर हरिहरक्षेत्र जनजागरण मंच ने भारत वंदना घाट पर प्रतिदिन होने वाले अपने लोकप्रिय कार्यक्रम ''भारत वंदना''जिसके तहत सदानीरा नारायणी के तट पर खड़े होकर भगवान भास्कर की निगरानी में अपने महान देश का राष्ट्रगान गाया जाता है कि प्रस्तुति भी दी, तथा यहां के लोगों से भी वचन लिया कि प्रत्येक सुबह यहां भी यह कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।इस स्वच्छता अभियान में मंच के संरक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह, कृष्ण कांत सिंह अध्यक्ष सतीश कुमार प्रसाद साह, महासचिव अमरनाथ तिवारी, अनिल कुमार सिंह, दयाशंकर सिंह, राजाराम सहनी, नवीन कुमार, विवेक कुमार सिंह, गोपाल ठाकुर,केशव जी,आलोक कुमार, उत्तम राज, विशेष राज आदि शामिल थे।

## उप विकास आयुक्त ने सेक्टर पदाधिकारियो के बैठक कर चुनाव कार्य की किया समीक्षा

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** श्रीकृष्ण सभा कक्ष मे उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने बिहार दिवस के मौके से चुनाव कार्य की समीक्षात्मक बैठक किया,जहा पुलिस पदाधकारियो एव सेक्टर पदाधिकारियो को तत्परता से चुनाव कार्य को करना है,मतदान केंद्र पर हर तरह के न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं से लैस करना है,बी ई ओ की हविलचेयर उयलब्ध कराने की जिम्मेदारी सहित सभी पदाधिकारियो को अपने अपने बूथ क्षेत्रो मे मतदान केंद्रो पर भय दशस्त फैलाने वालो की पहचान करने,सहित मतदाताओं सूची मे छूटे लोगो का नाम तुरंत जुड़वाने हेतु जागरूक करना है,सर्वजनिक स्थलों से बैनर पोस्टर हटाने,टोला का नजरी नक्शा बनाने सहित एक बूथ से 10 दस व्यक्तियी के नाम, मोबाइल कलेक्ट करने का निर्देश दिया।जहा बीडीओ कर्पूरी ठाकुर सीओ सहजितपुर बनियापुर के थानाध्यक्ष सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी शामिल थे।

## बनियापुर के सभी स्कूलों में बिहार दिवस की रही धूम

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)** बनियापुर के सभी स्कूलों में बिहार दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक करने की दिशा में प्रयास किया। छात्रों ने प्रभात फेरी के दौरान पृथ्वी बचाने, जल के सही उपयोग करने तथा नशा से दूर रहने की स्लोगन लिखे तख्तियों को अपने साथ रखे थे। छात्रों ने विकसित बिहार की कल्पना को साकार होते देखने के लिए सबको जागरूक होने की सलाह दी। तय कार्यक्रम के अनुसार स्कूली बच्चें स्कूल पहुंच गए थे। कार्यक्रम की शुरुवात प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। इसके बाद स्कूल स्तर पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं कुछ स्कूलों में भाषण तथा चित्रकला का आयोजन भी किया गया । कार्यक्रम समापन के बाद छात्रों को पोषण युक्त भोजन भी कराए गए।

## सीडीपीओ द्वारा पोषण मेला का किया गया आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण, )।** माँझी प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पोषण मेला सह मतदाता जगरूकता का आयोजन किया गया। मेला का विधिवत उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह तथा सीडीपीओ पूजा रानी एवम रोहित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मेला में प्रखंड के सभी आगनवाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। पोषण मेला में एक से बढ़ कर एक स्लोगन द्वारा मतदाताओं को वोट करने के लिए भी जागरूक किया गया। मेला में आकर्षक रंगोली पौस्टिक आहार के स्टाल प्रदर्शनी के द्वारा जीवन पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। पोषण मेले का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाजों का प्रदर्शन था। मोटे अनाज से अर्थ है मक्का, रागी,ज्वार, बाजार, कुलथी। मेले में बताया गया कि इन सभी अन्न को दैनिक आहार में शामिल करना चहिए।। मोटे अनाज में उपस्थित सूक्ष्म पोषक तत्व हमारे लिए अत्यन्त ही महत्वपूर्ण हैं। पोषण मेला में प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार के द्वारा गांव की गर्भवती महिला की गोद भराई कराई गई एवं शिशु का अन्नप्राशन भी किया गया। साथ ही हेल्दी बेबी शो में पूर्ण टीकाकरण वाले बच्चे को भी पुरस्कृत किया गया। बताया गया कि गर्भवती महिलाओं को समय समय पर उचित आहार समुचित देखभाल से कुपोषण को दूर किया जा सकता है। इस पोषण माह में कुपोषण को दूर भगाने का संकल्प भी लिया गया। पोषण मेला में मोटे अनाज से बनाए गए पौष्टिक आहार के लिए आंगनवाड़ी सेविका रानी कुमारी,संजू और पिंकी कुमारी को पुरस्कृत किया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका हिना परवीन,अर्चना कुमारी,पूनम कुमारी,सीमा कुमारी,आशा कुमारी, संजना कुमारी,रूपा कुमारी के साथ स्थानीय ग्रामीण आदि भी मौजूद रहे।

## बिहार सरकार के मंत्री मंगल पाण्डेय का बजरंग चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवम कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय मंत्री पद का दायित्व ग्रहण करने के बाद पहली बार पटना से सिवान जाने के क्रम में सोनपुर के जेपी सेतु के बजरंग चौक पर भाजपा पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत शुक्रवार को किया । श्री पाण्डे जी ने सभी कार्यकर्ताओं को होली की बधाई दी मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय, अशोक सिंह, जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह, प्रदेश कीड़ा मंच प्रभारी अभय कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह, प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी स्वच्छता विभाग मुकेश कुमार सिंह बबलू एवं लाल बाबू पटेल सहित सैकड़ों पार्टी के पदधिकारी व कार्यकर्ता उपास्थि थे।





## तरैया में कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का हुआ उद्धाटन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के तरैया बाजार स्थित बाबा मार्केट में शुक्रवार को बिहार दिवस के असवर पर प्रवीण नेट जॉन द्वारा संचालित पीसी कम्प्यूटर एकेडमी का एमजीटी के निदेशक मुकेश अभिनंदन ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया और इस नए प्रतिष्ठान के संचालन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के टेक्निकल युग में सभी को कम्प्यूटर एस्किल का ज्ञान होना जरूरी हैं। लेकिन खास कर उस नए पीढ़ी के लिए कम्प्यूटर का ज्ञान होना बहुत ही जरूरी हैं। इस कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट के खुलने से गरीब मेधावी छात्रों को कम शुल्क में बेहतर कंप्यूटर की शिक्षा की जानकारी मिलेगी। मौके पर पीसी एकेडमी के डायरेक्टर पत्रकार रंजन श्रीवास्तव, मैनेजिंग डायरेक्टर सोनू शर्मा, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ राजकिशोर साह, वरिष्ठ शिक्षक व जदयू नेता चन्देश्वर राम, शिक्षक शंकर राय, शिक्षक सोनू शर्मा, नीरज कुमार सिंह, मो.शहबाज, दिलनवाज अंसारी, अमित कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, डॉ मनोज पंडित, डॉ ध्रुव कुमार सिंह, डॉ ओम प्रकाश पंडित, डॉ जुल्फिकार हैदर, डॉ सलाउद्दीन अंसारी, सहारा कॉरपोरेशन ग्रुप के रविकांत कुमार, प्रवीण श्रीवास्तव, नईम अंसारी, धीरज कुमार, रुपेश कुमार, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महावीर चौक पर बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का भव्य स्वागत किया गया। वे पटना से मशरक के रास्ते सिवान जा रहें थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा और जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजा बजाकर व फूलों की माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर लोजपा नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता अजीत सिंह, गौतम ओझा, श्याम बिहारी सिंह, धीरज सिंह, अखिलेश राम, त्रिभुवन तिवारी, नंदन बाबा, अतुल पांडेय, राकेश महंथ समेत अन्य मौजूद रहें।

## 20 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)**-चैनपुर थाना की टीम ने शुक्रवार को मेंहदार पश्चिमी भींडा के समीप छापेमारी कर 20 लीटर देसी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। चैनपुर थानाध्यक्ष श्रवण पाल ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान झारखंड के गुमला के खटंगा निवासी भवरा उराव और हरि उराव के रूप में हुई है। दोनों के पास से 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

## होली पर्व को ले शांति समिति की बैठक

**हसनपुरा (सिवान)** -एमएच नगर थाना परिसर में शुक्रवार को बीडीओ राजेश्वर राम व सीओ उदयन सिंह की अध्यक्षता में होली को ले शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि नोमान अहमद, पिंटू खान, मोतीलाल प्रसाद, हृदयानंद यादव, मुखिया प्रभुनाथ यादव, इम्तियाज अहमद, रंधा कुमार साह, नदीम अहमद, एकलाख खान आदि उपस्थित थे।

## पदाधिकारियों ने लिया मतदान केंद्रों का जायजा

**भगवानपुर हाट (सिवान)** -लोकसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ कुमार विशाल एवं सीओ धीरज कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से खेढ़वा एवं महम्मदा पंचायत के 14 मतदान केंद्रों का जायजा लिया लिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने सेक्टर पदाधिकारियों, बीएलओ से विस्तार पूर्वक जानकारी ली। दोनों अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र के तल की स्थिति, रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली, शेड, फर्नीचर, बूथ तक पहुंचने का मार्ग आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर कर्मी बबलू मिश्रा, विशाल कुमार आदि उपस्थित थे।

## हसनपुरा 585 लोगों पर 107 की हुई कार्रवाई

**हसनपुरा (सिवान)** -आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर स्थानीय पुलिस काफी अलर्ट है। वहीं चुनाव को लेकर आवश्यक तैयारियां भी जोरों पर है। तीसरे चरण में 175 लोगों पर 107 की कार्रवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के यहां प्रतिवेदन भेजा गया है। हालांकि इसके पूर्व में पहले चरण में 269, दूसरे चरण में 141 लोगों पर सीआरपीसी की धारा 107 की कार्रवाई की जा चुकी है। इस तरह थाना क्षेत्र के कुल 585 लोगों पर कार्रवाई की गई है। मतदान के दौरान अशांति फैलाने वालों को चिह्नित करने का कार्य चल रहा है। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि पुलिस भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत तमाम जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस गत चुनावों के आधार पर वैसे लोगों को भी चिह्नित कर रही है जो मतदान के दौरान मतदाताओं को डराने-धमकाने एवं अन्य तरह से खलल डालने का प्रयास किए थे।

## हमलावरों ने किशोर के पैर में मोरी गोली, रेफर

**बसंतपुर (सिवान)** -थाना मुख्यालय स्थित जिला परिषद मार्केट के समीप शुक्रवार की दोपहर अज्ञात बदमाशों ने एक किशोर पर फायरिंग कर दी। गोली युवक के दाएं पैर में लगी है। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर बता चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल किशोर की पहचान बसंतपुर निवासी राशिद मियां के पुत्र गुलाब हुसैन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने अस्पताल पहुंच घटना की जानकारी ली। समाचार प्रेषण तक घटना का कारण तथा किसने घटना को अंजाम दिया जानकारी नहीं हो पाई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बिहार एकादश ने यूपी एकादश को 38 रनों से हराया

**मैरवा (सिवान)**-प्रमुख के दरौली मोड़ के समीप पीटीईसी खेल मैदान में शुक्रवार को सामाजिक न्याय युवा शक्ति संगठन द्वारा आयोजित बिहार दिवस के मौके पर महिला क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच बिहार एकादश बनाम यूपी एकादश के बीच खेला गया। इसमें बिहारी एकादश की टीम 38 रन से जीत दर्ज की। इसके पूर्व मुख्य अतिथि दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. प्रजापति त्रिपाठी और सुधांशु त्रिवेदी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टास जीत कर बिहार एकादश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाया। जवाब में खेलने उतरी यूपी एकादश की टीम पूरे ओवर में मात्र 123 रन बनाकर आल आउट हा गई। इस प्रकार बिहार एकादश की टीम 38 रन से जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। बिहार एकादश टीम से 54 रन और 2 विकेट लेने वाली प्रगति सिंह को मैन आफ द मैच का पुरस्कार आयोजनकर्ता सुधीर दुबे द्वारा दिया गया। आयोजनकर्ता ने बताया कि 23 फरवरी को इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच सिवान बनाम गोरखपुर टीम के बीच खेला जाएगा। इसमें विजेता टीम को पल्सर बाइक तथा उप विजेता टीम को 41 हजार रुपये नकद पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा। मौके पर संगठन के अध्यक्ष सुधीर दुबे, रणनीतिकार प्रमोद सिंह, व्यवस्थापक अनुभव श्रीवास्तव, सचिव नागेंद्र सिंह, आनंद सिंह, मार्कंडे दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीडी बिहार के रंग रंगीली होली में रामेश्वर गोप के पारम्परिक होली गीतों की मचेगी धूम

**दैनिक खोज खबर/छपरा/**रसूलपुर।डीडी बिहार के विशेष कार्यक्रम रंग रंगीली होली में लोकगायक रामेश्वर गोप के पारम्परिक होली गीत दर्शक देख सुन सकेंगे।आकाशवाणी व दूरदर्शन के निदेशक राजकुमार नाहर ने शूटिंग समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया और कहा कि बिहार की कला संस्कृति प्राचीन काल से ही धनी रही है।कहा कि होली सहित विभिन्न त्यौहारों पर गाये जाने ले गीतों बिहार की संस्कृति की समृद्ध झलक मिलती है।कार्यक्रम में मैथिली ,भोजपुरी,अंगिका ,मगही भाषाओं सहित बिरहा शैली आदि के गायक कलाकार राजा मंडल यादव, प्रीति पाल,ओम प्रकाश सिंह,अमर आनंद, रानी आदि के गायन का आनंद मिलेगा।विशेष कार्यक्रम की शूटिंग पटना स्टूडियो में सम्पन्न हुई जिसमें असगर एंड टीम की बैंड में सह गायन जिले के ही कलाकार रिजेश मांझी,अखिदेश यादव व सोनू कुमार ने की है।गायक गोप की आवाज में पारम्परिक जोगीरा,धमार फगुआ गायन सुनने को मिलेगा।

## शिव जयंती महोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा

सिसवन (सिवान) -प्रखंड के चैनपुर में शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चैनपुर शाखा द्वारा शिव जयंती महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण की मनमोहक शोभायात्रा निकाली गई। इस संबंध में बीके जयप्रकाश ने बताया कि शोभा यात्रा शिव पार्वती चौक, महावीर चौक, संतोषी चौक, आंबेडकर चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। फिर शिव बाबा का ध्वज फहराया गया। संचालिका राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी सुधा दीदी ने महाशिवरात्रि के महत्व से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व परमपिता परमात्मा शिव के कलियुग के अंत और सतयुग के आदि से पूर्व वर्तमान संगमयुग पर किए गए दिव्य एवं अलौकिक कर्मों का यादगार पर्व है। सृष्टि चक्र के अविनाशी ड्रामानुसार जब चारों ओर अधर्म, पापाचार, भ्रष्टाचार, अनाचार, कदाचार का तांडव नृत्य होने लगता है, प्रत्येक मनुष्य आत्मा पतित एवं विकारी बन जाती है तो परमात्मा शिव परमधाम से इस साकार लोक में अवतरित होकर ईश्वरीय ज्ञान और सहज राजयोग की शिक्षा देकर इस सृष्टि का पूर्ण परिवर्तन करा देते हैं। इसलिए वे शिव भक्तगण परमात्मा शिव द्वारा दिए जा रहे ईश्वरीय ज्ञान से अपनी आत्मा में व्याप्त अज्ञानता और विकारों के अंधकार को सदा-सदा के लिए मिटा दो। भोलेनाथ आशुतोष भगवान शिव अमर भव-का वरदान दे रहे हैं, इससे जन्म जन्मांतर के लिए अपने जीवन का श्रृंगार कर लो। कहीं ऐसा ना हो, परमात्मा शिव अपना दिव्य-आलौकिक कर्म करके वापस चले जाएं और आपकी परमात्मा मिलन की आस अधूरी रह जाएगी। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चियों ने नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर बीके रिंकी बहन, अनिल भाई, निर्मल भाई, रमेश मिश्रा, बीके नेहा, रेणु, गौतम यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह के स्मृति में विशेष

**नीरज कुमार सिंह/दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।**23 मार्च 1931 को अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को लाहौर जेल में, जेल के नियमों को ताक पर रखकर प्रातः काल की बजाय सांय 7.00 बजे फांसी दे दिया गया। भगत सिंह को फांसी तो दे दिया गया लेकिन उनके विचारों को नहीं कुचला जा सका। उनका नाम मौत को चुनौती देने वाले साहस, बलिदान, देशभक्ति और संकल्पशीलता का प्रतीक बन गया। 'समाजवादी समाज की स्थापना' का उनका सपना शिक्षित युवकों का सपना बन गया और 'इंकलाब जिंदाबाद' का उनका नारा समूचे राष्ट्र का युद्धनाद हो गया। भगत सिंह की यह निश्चित मान्यता थी कि ÷व्यक्तियों को नष्ट किया जा सकता है, पर क्रांतिकारी विचारों को नष्ट नहीं किया जा सकता। इतिहास इस बात का साक्षी है कि समाज में उठने वाले क्रांतिकारी विचारों को शासकों के दमन-चक्र से नहीं रोका जा सकता।÷ विश्व-इतिहास से उदाहरण देते हुए भगत सिंह ने आगे कहा था कि ÷फ्रांस के शासकों द्वारा बेस्टील जेल खाने में हजारों देशभक्त क्रांतिकारियों को ठूस देने के बाद भी फ्रांसीसी राज्यक्रांति को नहीं रोका जा सका। सभी देशभक्तों और क्रांतिकारियों को साइबेरिया की जेल में डालने के बाद भी रूसी राज्यक्रांति को नहीं रोका जा सका।÷



उनका दृढ़ विश्वास था कि उनके फांसी पर चढ़ जाने के बाद, भारतीय क्रांति और आगे बढ़ेगी, नंगी-भूखी जनता अपनी मुक्ति के लिए अपनी रणभेरी अवश्य बजाएगी और अंततः पूंजीवादी समाज-व्यवस्था का विनाश करके राज्यसत्ता अपने हाथ में संभाल लेगी।

भगत सिंह गहन अध्ययन की आवश्यकता को समझते थे और इसलिए उन्होने अपनी पुस्तिका 'मैं नास्तिक क्यों हूँ' में लिखा ÷अध्ययन यही एक शब्द था जो मेरे दिमाग में हमेशा गूँजता रहता था। अध्ययन, स्वयं को विपक्षियों द्वारा रखे गए तर्कों का मुक़ाबला करने के काबिल बनाने के लिए; अध्ययन अपने विश्वास के समर्थन में तर्कों से स्वयं को सज्जित करने के लिए; मैंने अध्ययन शुरू कर दिया। मेरे पुराने विश्वास और धारणाओं में महत्वपूर्ण रूपांतर हुआ।क्लासिकल, मार्क्सवादी साहित्य, राजनीति, अर्थशास्त्र, जीवनी, प्रगतिशील उपन्यास, कविता आदि उनका अध्ययन क्षेत्र और विषय था। भगत सिंह पूरी तरह इस बात के महत्व को समझते थे कि व्यक्तित्व के विकास के लिए ज्ञान की सिर्फ एक संकीर्ण शाखा का नहीं, बल्कि इसके विशाल क्षेत्र का गहन अध्ययन करना आवश्यक है। केवल इसी से एक सचमुच सुसंस्कृत व्यक्तित्व का सर्वतोमुखी विकास सुनिश्चित हो सकता हैं।

# बिहार दिवस पर ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली गई प्रभातफेरी, रंगोलियां रही आकर्षण का केंद्र

**सिवान।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में शुक्रवार को बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। इसके तहत समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के संदर्भ में नारे लगाए। इस दौरान रंगोली के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति, दहेज प्रथा समेत समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने तथा लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। प्रभातफेरी को सफल बनाने में शिक्षक एवं पदाधिकारियों का भी सहयोग सराहनीय रहा। मौके पर बच्चों को बिहार दिवस के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। जानकारी के अनुसार आंदर प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय असांव में प्रधानाध्यापक जाहिद हुसैन अंसारी, उत्क्रमित मध्य सह उच्च विद्यालय बरवां में प्रधानाध्यापक राममनोहर पाठक, प्राथमिक विद्यालय गौरा में प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह, प्राथमिक विद्यालय कोदैला में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान दहेजमुक्त, नशामुक्त समाज बनाने के लिए नारे लगाए गए। इस मौके पर रानी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, आत्मानंद पाठक आदि शिक्षक उपस्थित थे। वहीं महाराजगंज स्थित एसकेजेआर उच्च विद्यालय से प्रभातफेरी निकाली गई जो विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी। मौके पर एसडीओ अनिल कुमार, डीसीएलआर राम रंजन सिंह, अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, बीडीओ डा. रवि रंजन, बीपीएम अमीत कुमार सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक व बच्चे शामिल थे। लकड़ी नबीगंज गोपालपुर कोठी स्थित पलटू उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य परमेंद्रनाथ त्रिवेदी, उज्जैना प्लस टू उच्च विद्यालय में प्राचार्य अमरेंद्र तिवारी, कपरीपुर मध्य विद्यालय में अजीत कुमार, मदारपुर किशनपुरा प्लस टू उच्च विद्यालय में मनोज कुमार, नवीगंज प्लस टू उच्च विद्यालय में संजय कुमार के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाली गई। इसके बाद शिक्षा व मतदान संबंधित नुक्कड़ नाटक व निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। दारौंदा के विभिन्न विद्यालयों में प्रभातफेरी निकाली गई। इस मौके पर जलजीवन हरियाली, स्वच्छता, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा संबंधित बच्चों के तख्ती पर स्लोगन लिख लोगों में जागरुकता का संदेश दिया गया। प्रभातफेरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर, मध्य विद्यालय सर्वोदय रामगढ़ा, माध्यमिक विद्यालय नंदाटोला आदि विद्यालयों में निकाली गई। बड़हरिया प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय सदरपुर, प्राथमिक विद्यालय भलुआ, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहाड़पुर आदि विद्यालयों में बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक व बच्चे उपस्थित थे। वहीं भगवानपुर हाट के इंद्र सिंह उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के बच्चों ने विद्यालय परिसर से रैली निकाल कर विभिन्न गांवों का भ्रमण किया तथा लोगों को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने क अपील की। मौके पर प्राचार्य राजेंद्र कुमार सिंह, शिक्षक संजय कुमार, प्रमोद कुमार, प्रशांत कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे। इसके अलावा अन्य विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। इसके अलावा सिसवन, जीरादेई, रघुनाथपुर, हुसैनगंज, हसनपुरा, मैरवा, गुठनी, बसंतपुर आदि विद्यालयों में शिक्षकों के नेतृत्व में बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई तथा स्लोगन के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को ले बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।

## पंचदेवरी में खेल महोत्सव का हुआ आगाज, 24 मार्च को होगा फाइनल



**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी (गोपालगंज)।** पंचदेवरी हाइस्कूल के खेल मैदान में शुक्रवार को खेल महोत्सव शुरू हो गया. इसका उदघाटन समाजसेवी डोमा पटेल ने फीता काटकर किया. कबड्डी का पहला मुकाबला जैसवली व पंचदेवरी के बीच हुआ. इसमें जैसवली की टीम विजयी रही. जैसवली की टीम को 36 अंक मिले, जबकि पंचदेवरी की टीम को मात्र 15 अंक ही प्राप्त हो सके. दूसरा मुकाबला महरादेउर व सेंट जोसेफ के बीच हुआ. इसमें सेंट जोसेफ की टीम विजयी रही. इस टीम को 29 अंक मिले, जबकि महरादेउर को 17 अंक ही प्राप्त हो सके. तीसरा मुकाबला पीडी स्पोर्ट्स एकेडमी पंचदेवरी व बगही के बीच हुआ. इसमें पीडी की टीम को 36 अंक मिले तथा बगही को 13 अंक मिले. इस मुकाबले में पीडी की टीम विजयी रही. चौथा मुकाबला गोपालगंज व बैसिया के बीच हुआ. इसमें गोपालगंज की टीम को 30 तथा बैसिया की टीम को मात्र नौ अंक मिले. इसमें गोपालगंज की टीम विजयी रही. पहली खो-खो प्रतियोगिता पीडी स्पोर्ट्स एकेडमी व सीवान के बीच हुई, जिसमें सीवान की टीम विजयी हुई. दूसरी खो-खो प्रतियोगिता बगही व आराध्या स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच हुई, जिसमें बगही की टीम विजयी रही. एक टीम के साथ हुई खो-खो प्रतियोगिता में डीएवी थावे की टीम भी विजयी हुई. बालिकाओं के बीच हुई कबड्डी में सेंट जोसेफ को हराकर पीडी की टीम विजयी हुई. वहीं, बालिका खो-खो प्रतियोगिता में पीडी की टीम को हराकर सीवान की टीम विजयी रही. मौके पर आयोजक अशोक कुमार गिरि उर्फ बब्लू गिरि, समाजसेवी वीरेंद्र राय, संतोष प्रसाद, उमाकांत तिवारी, भानू प्रताप सिंह, सुनील ठाकुर, संतोष सिंह सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे.

## एकलाख हत्याकांड मामले में तीसरे दिन भी प्राथमिकी नहीं

**हुसैनगंज (सिवान)** -थाना क्षेत्र के बिंदवल गांव स्थित नहर बांध पर 20 मार्च की सुबह पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी साहेब हुसैन के पुत्र एखलाक हुसैन का शव बरामद की थी। सूत्रों के अनुसार एखलाक हुसैन की मौत सिर के बाईं ओर कनपट्टी में गोली लगने से हो गई थी। वहीं पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देसी पिस्टल एवं एक गोली शव के कुछ दूर नहर में से बरामद की थी। घटना के तीन बाद भी थाना में प्राथमिकी नहीं की गई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि अभी तक मृतक के स्वजन द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

## बड़हरिया में छेड़खानी के आरोप में मौलाना गिरफ्तार,ग्रामीणों में आक्रोश



### पदाधिकारियों की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच लोगों को कराया शांत

**परवेज़ अख्तर/ सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के सदरपुर स्थित मस्जिद परिसर में एक मौलाना द्वारा एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी का मामला सामने आते ही लोगों में आक्रोश देखा गया। इसकी सूचना मिलते ही काफी संख्या में शुक्रवार को ग्रामीणों की भीड़ मस्जिद के समीप एकत्रित हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए किसी ने घटना की सूचना थानाध्यक्ष को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा दलबल के साथ पहुंच मामले की जानकारी ली तथा घटना की सूचना वरीय पदाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही एसडीओ सुनील कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, बीडीओ प्रणव कुमार गिरि, सीओ सरफराज अहमद, जीबी नगर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार समेत महादेवा व मुफस्सिल थाना सहित आधा दर्जन थाने की पुलिस वहां पहुंच स्थिति को संभाला तथा आक्रोशित लोगों को शांत कराने में जुट गए। लोगों समझाने-बुझाने में सरपंच अरविंद श्रीवास्तव समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी जुटे रहे। बाद में पदाधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित मौलाना मधुबनी निवासी तालिब अहमद को गिरफ्तार कर लिया तथा उनके सहयोगी नौशाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित मौलाना को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

# गुठनीः सुदामा चरित्र सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु

**दैनिक खोज खबर/गुठनी (सीवान)।** गुठनी थाना क्षेत्र के चिताखाल गांव में चल रहे रूद्र महायज्ञ के सातवें दिन श्रीमद् भागवत का रसपान करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा वाचक आचार्य प्रशांत जी महाराज ने भागवत कथा के अंतिम दिन कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। इसमें ऊषा चरित्र, नृग चरित्र, वासुदेव नारद संवाद, सुदामा प्रसंग, परीक्षित मोक्ष की कथा का बड़े ही रोचक अंदाज में वर्णन किया।कथा के दौरान आचार्य जी ने श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की।



समाज को समानता का संदेश दिया। इस कड़ी में महाराज ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद् भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए इसके बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाते हुए श्रीकृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। सुदामा की मनमोहक झांकियो का चित्रण किया गया जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो उठा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने और फूलों की होली के साथ कथा को समापन किया। इस दौरान मौके पर आनंद चर्तुवेदी, विर्षकेतु तिवारी, विद्या भूषण तिवारी, अभिषेक तिवारी, सौरव तिवारी, कृष्णमोहन तिवारी, गौरव तिवारी, रवि बरनवाल, दुर्गेश गुप्ता, नितिन तिवारी, विवेकानंद तिवारी, विंध्याचल शर्मा, गुड्डू यादव, विपिन तिवारी, शिखर तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## बालक व बालिका वर्ग के कबड्डी प्रतियोगिता में परिवर्तन की टीम ने मारी बाजी

**सिवान** बिहार दिवस के अवसर पर वीएम हाईस्कूल सह इंटर कालेज परिसर स्थित खेल भवन में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने खेल में अपनी प्रतिभा दिखाई। अपर समाहर्ता उपेंद्र प्रसाद सिंह, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन नवलीन कुमार, जिला खेल पदाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में पहला मैच बालक कबड्डी का परिवर्तन बनाम मार्गदर्शन एकेडमी महाराजगंज के बीच खेला गया। इसमें परिवर्तन की टीम 35 अंकों से विजेता बनी। वहीं दूसरा मैच बालिका वर्ग में परिवर्तन बनाम मार्गदर्शन एकेडमी महाराजगंज के बीच खेला गया। इसमें परिवर्तन की टीम ने महाराजगंज की टीम को 11 अंकों से पराजित कर दिया। इसके अलावा इंडोर गेम में वुशु, ताइक्वांडो इत्यादि खेल का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि खेल के क्षेत्र में काफी संभावना हैं। खेलकूद से आपसी भाईचारे का विकास होता हैं। उप विकास आयुक्त व जिला खेल पदाधिकारी ने संयुक्त रुप से कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी सह डीसीएलआर शहबाज खान, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक प्रवीर कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र सिंह, स्थापना के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अवधेश कुमार, बाल सुरक्षा के सहायक निदेशक हिमांशु पांडेय, जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक राजकुमार सिंह, डीआरसीसी के प्रबंधक भास्कर कुमार, शिक्षक मनोरंजन कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह, संतोष कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के अंत में जिला खेल पदाधिकारी द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी खिलाड़ियों को यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो।

# आपसी भाइचारे व सौहार्दपूर्ण के साथ होली मनाने का दिए गए निर्देश

**सिवान** - जिले के महाराजगंज, दारौंदा, आंदर लकड़ी नबीगंज, गुठनी थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान होली को आपसी भाइचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की सलाह दी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि होली आपसी प्रेम व भाइचारे का त्योहार है। इसे आप सभी भेदभाव भूलकर कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इस दौरान अश्लील गाना बजाने वाले तथा शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। हुड़दंगियों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। शांति भंग करने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जानकारी के अनुसार महाराजगंज थाना में बैठक की अध्यक्षता बीडीओ डा. रवि रंजन ने की। उन्होंने होलिका दहन समय से कराने, विवादित जगह पर होलिका दहन नहीं करने की सलाह दी। साथ ही जबरन किसी को अबीर गुलाल नहीं लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही होलिका दहन के दौरान तीन अग्शिमन वाहन तैनात किए जाएंगे। बैठक में एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा, ईओ हरिश्चंद्र, पुअनि राजेश कुमार सिंह,प्रो सुबोध सिंह आदि उपस्थित थे। आंदर थाना परिसर में बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष पप्पन कुमार व एसआइ सूरज प्रसाद ने होली को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर विभूति शरण सिंह, शंभू प्रसाद, दिलीप कुमार, मो. अकरम जावेद अंसारी आदि उपस्थित थे। दारौंदा थाना परिसर सीओ पूनम दीक्षित की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली शांतिपूर्ण व भाइचारे के बीच बनाने का दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने लोगों ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों पुलिस की नजर रहेगी। बैठक में विजय प्रसाद वर्मा, मुखिया मंसूर अंसारी, रामशरण मांझी, सरपंच मिथिलेश सिंह आदि उपस्थित थे। लकड़ी नबीगंज प्रखंड के किशनपुरा मदारपुर प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में बीडीओ सुशील कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान लोगों को अफवाह से बचने तथा भाइचारे के बीच होली मनाने की सलाह दी गई। इस मौके पर जिला पार्षद रमेश सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष रामकुमार सिंह, फिरोज आलम, मुखिया वीरेंद्र साह, भारतेंदु लाल पांडेय आदि उपस्थित थे। वहीं गुठनी थाना परिसर में प्रखंड प्रमुख विंध्यवासिनी नारायण सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, सीओ विकास सिंह, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद राजेश कुमार गुप्ता, मुखिया ललन राय, श्रीनिवास गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पंचदेवरी में बिजली विभाग ने 30 बड़े बकाएदारों का का कनेक्शन

**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी(गोपालगंज)।**पंचदेवरी बिजली विभाग बड़े बकायेदारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई में जुटा है। इस क्रम में गुरुवार को पंचदेवरी बाजार में कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग की टीम ने 30 बकायदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए। इस अभियान के दौरान बिजली विभाग ने लगभग एक लाख रुपए का राजस्व भी वसूल किया। विभाग के कनीय अभियंता राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त निर्देश के आलोक में बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 30 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटा गया। इस दौरान बकायेदारों से एक लाख रुपए की राजस्व की वसूली भी की गई। कनीय अभियंता ने बताया कि बकायेदारों के खिलाफ नोटिस भेज कर लगातार बिजली का बिल जमा करने के लिए सूचना दी जा रही है, पर जिन उपभोक्ताओं ने नोटिस लेने का बाद भी बिजली का बिल जमा नहीं किया है। उनके खिलाफ विभाग कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर रहा है। कनीय अभियंता ने बताया कि ये कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।मौके पर कनीय अभियंता राजेश कुमार गुप्ता, सुपरवाइजर रिजवान खान, मानव बल अखिलेश सिंह, टुनटुन कुमार,उमाशंकर, मधुप ,फिरोज अंसारी सहित पुलिस बल मौजूद थे।